भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2402

13 फरवरी, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

हरियाणा में आयुष अवसंरचना का विकास

2402. श्री जय प्रकाश:
श्री सतपाल ब्रहमचारी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत आयुष औषधालयों, आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केन्द्रों, आयुष अस्पतालों और संबद्ध मानव संसाधन सहित आयुष अवसंरचना के विकास के लिए हरियाणा को विशेषकर हिसार और सोनीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को आवंटित की गई कुल निधियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान स्वीकृत, जारी की गई और वास्तव में उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार और घटक-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त निर्वाचन क्षेत्रों में नए आयुष औषधालयों/अस्पतालों/महाविद्यालयों की स्थापना अथवा मौजूदा संस्थानों के उन्नयन के लिए कोई प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया गया है अथवा विचाराधीन है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) आगामी वर्षों में उक्त निर्वाचन क्षेत्रों में आयुष सेवाओं के विस्तार के लिए सरकार द्वारा प्रस्तावित कार्य योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के अंतर्गत, हरियाणा राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, विगत तीन वर्षों के दौरान आयुष औषधालयों, आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों (अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के नाम से पुनः नामित), आयुष अस्पतालों और एनएएम के अंतर्गत संबद्ध मानव संसाधन सहित आयुष अवसंरचना के विकास के लिए हिसार और सोनीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए स्वीकृत/आवंटित/जारी तथा उपयोग किए गए निधियों का विवरण **संलग्नक** पर दिया गया है।

(ग) से (ङ): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, हिसार और सोनीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में नए आयुष औषधालयों/अस्पतालों/महाविद्यालयों की स्थापना और मौजूदा संस्थानों का उन्नयन संबंधित राज्य सरकार के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, एनएएम के तहत नए आयुष औषधालयों/अस्पतालों/महाविद्यालयों की स्थापना और मौजूदा आयुष औषधालयों/अस्पतालों के उन्नयन के लिए प्रावधान हैं, जिसके लिए हरियाणा राज्य सरकार को एनएएम के दिशानिर्देशों के अनुसार उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करने होंगे। हरियाणा और उक्त निर्वाचन क्षेत्र में आयुष सेवाओं के विस्तार के संबंध में, राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, उन्होंने आयुष चिकित्सकों के 1085 पदों को

मंजूरी दी है और पहले चरण में, 572 आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों (एएमओ) (सोनीपत में 21 एएमओ सहित) को नियुक्त किया गया है और हरियाणा के नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में तैनात किया गया है। इसके अलावा, सभी आयुष संस्थानों को एनएएम के तहत आयुष दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता और आकस्मिक खर्चों के लिए सहायता प्रदान की जाती है ताकि वे सुचारू रूप से कार्य कर सकें।

*****

<u>संलग्नक</u>

<u>विगत तीन वर्षों के दौरान एनएएम के तहत, हिसार और सोनीपत के संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आवंटित/जारी और उपयोग की गई धनराशि:</u>

लाख रुपये में

जिला	वित्तीय वर्ष	आवंटित धनराशि	व्यय
हिसार	2022-23	44.85	41.15
	2023-24	131.63	100.74
	2024-25	78.66	40.82
सोनीपत	2022-23	63.15	36.93
	2023-24	77.46	48.43
	2024-25	44.78	36.53